शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक एवं हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में दिनांक **26/03/2019** को निदेशक श्री माना राम बालोच, भा॰व॰से॰ की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन हुआ जिसमें द्विभाषिक स्थिति की समीक्षा की गयी तथा इससे संबन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राजभाषा विभाग के वर्ष 2018-19 के वार्षिक कार्यक्रम में उल्लिखित मदों के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति के संबंध में बैठक में अवगत कराया गया तथा वर्ष 2019-20 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों पर चर्चा की गयी। क्षेत्र 'ख' व 'ग' से हिन्दी में पत्राचार बढ़ाने के लिए सभी संबन्धित से आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का दृश्य

दिनांक **28/03/2019** को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान,जोधपुर में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तकनीशियन वर्ग के 07 कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यशाला में संस्थान के हिन्दी अधिकारी श्री कैलाश चन्द गुप्ता ने दैनिक कार्यालयी कामकाज के संबंध में कार्मिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया तथा कार्मिकों ने वैज्ञानिक तथा प्रशासनिक शब्दों को व्यवहार में लेने हेतु अभ्यास किया।

हिन्दी कार्यशाला